# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

ई–मेल

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/गोप्र/डी–II–बी/डीपीसी/2021–22/15–16 दिनांक 29/6/.2022

संयुक्त निदेशक, संभाग जयपुर/अजमेर
स्कूल शिक्षा।

**अतिआवश्यक**

विषयः–लोक सेवकों के बकाया वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (APAR) भिजवाने बाबत्।
प्रसंगः–अनौ. टि. कमांक– शिविरा/मा/संस्था/रिव्यू डीपीसी/2021 दिनांक–28.06.2022 ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संलग्न सूची में शामिल लोक सेवकों की उनके नाम के सम्मुख अंकित बकाया वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ऑफलाईन/ऑनलाईन) निम्नलिखित निर्देशों की पालना करते हुए वांछित ऑफलाईन APAR दिनांक 01.7.2022 तक **संबंधित लिपिक के साथ वाहक स्तर** पर इस कार्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें । अग्रिम रूप से संलग्न प्रेषित प्रारूप में एक्सल सीट इस कार्यालय की ई–मेल आई डीः– **"desacrsec@gmail.com"** पर प्रेषित करें।

1. **संलग्न सूची में वर्णित लोकसेवकों की सत्र 2020–21 की बकाया APAR ऑनलाईन ही स्वीकार्य है,** ऑफलाईन एपीएआर प्रेषित नहीं की जावे। संबंधित प्रतिवेदित/प्रतिवेदक/समीक्षक अधिकारी को APAR ऑनलाईन प्रेषित करने के लिए पाबंद करें। वर्ष 2020–21 से पूर्व की APAR पूर्ववर्ती व्यवस्था के अनुसार ही ऑफलाईन मूल APAR ही प्रेषित करें।
2. वांछित वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (APAR) कार्यालय हाजा के 23.11.2020 एवं 20.07.2021 परिपत्र में प्रदत दिशा–निर्देशों के अनुरूप ही भिजवायें।
3. यदि किसी लोकसेवक की वांछित बकाया APAR में **प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित है तो संबंधित लोकसेवक की सूचना अग्रेषित पत्र में अंकन करते हुए मय APAR पृथक से भिजवाई जानी सुनिश्चित करें।**
4. ब्लॉक कार्यालय वांछित APAR मय सूची सीधे निदेशालय को प्रेषित **नहीं** करेंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अधीनस्थ ब्लॉक कार्यालयों से प्राप्त APARs के विषयवार पृथक–पृथक बंडल संलग्न प्रेषित प्रारूप में सूचीवार तैयार कर इस कार्यालय को निर्धारित समयावधि में भिजवाए जाने हेतु सतत् प्रबोधन एवं समुचित पर्यवेक्षण की सुनिश्चितता की जावे।
5. किसी लोकसेवक का सूची में वर्णित पदस्थापन एवं वर्तमान पदस्थापन में भिन्नता होने की स्थिति में संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वर्तमान पदस्थापित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वयन कर APAR भिजवाने के लिए उचित माध्यम से सूचित करेंगे तथा इसकी सूचना इस कार्यालय को भी प्रेषित करेंगें।
6. मोहर स्पष्ट एवं पठनीय होनी चाहिए तथा पदनाम के ऊपर अधिकारी का नाम अवश्य अंकित करें।
7. एपीएआर के प्रत्येक पृष्ठ पर कार्मिक का नाम/पदनाम/DOB/Emp.ID /एपीएआर वर्ष का अंकन अनिवार्य रूप से करके भिजवायें।
8. एपीएआर में किसी प्रकार की कटिंग हो तो कटिंग को अटेस्ट किया जाए एवं एपीएआर पर फ्लूईड लगा हुआ नहीं होना चाहिए।
9. वांछित APAR यदि गत बकाया सूची के आधार पर प्रेषित की जा चुकी हो तो पुनः प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है, आगामी अपडेट सूची का अवलोकन करें।
10. प्रेषित APAR में त्रुटि होने पर इस कार्यालय द्वारा APAR संबधित CBEO/CDEO को प्रेषित की जाती है। आक्षेप पूर्ति 02 दिवस में करके पुनः प्रेषित करें, तथा त्रुटि के संबंध में आवश्यक होने पर संबंधित लोकसेवकों को सूचित करें।
11. कार्यालय स्तर पर संधारित एपीएआर में भाग संख्या 01 में कम संख्या 4 में अवधि का अंकन विद्यालय (01.07....... से 30.06.........तक)/कार्यालय (01.04....... से 31.03.........तक) का स्पष्ट अंकन करते हुए भर कर भिजवावें।

सूचना निम्न प्रारूप में संलग्न कर प्रेषित करें।

| S.N. | निदेशालय का पत्र दिनांक | Dir. S.N | अभ्यर्थी का नाम | पदनाम | जन्म तिथि | विषय | जिला | ब्लॉक | एम्पलोई आइडी | वर्तमान पदस्थान स्थान | प्रेषित वर्षवार APAR का विवरण | प्रतिकूल प्रविष्टि का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | | | | | | | | |

नोटः

- कॉलम संख्या 13 में यथोचित **प्रविष्टि** की सुनिश्चितता की जाए। यदि किसी भी वर्ष में कोई प्रतिकूल **प्रविष्टि** नहीं है तो "नहीं" का अंकन करें तथा जिस वर्ष की APAR में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित है तो संबंधित वर्ष/वर्षो का विवरण अंकित करें।
- कॉलम संख्या 3 में निदेशालय द्वारा प्रेषित सूची में अंकित Dir S N अंकित करें।

वांछित एपीएआर हेतु कार्मिकों की सूचीः–

| क्र स | वरिष्ठता क्रमांक | नाम कार्मिक | जन्म तिथि | विषय | नवीन चयन वर्ष | एम्पलोई आई डी | पदस्थापन स्थान | बकाया वांछित APAR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1654–1/1997–98 | श्री रामबाबू महावर | 15.09.1960 | वाणिज्य | 2011-12 | RJTO198536014926 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KOTHI NATMAM TONK (222019) | 2004–05 से 2010–11 |
| 2 | 1211–1/2002–03 | श्री नवल किशोर मीणा | 25.06.1969 | हिन्दी | 2012-13 | RJJP199018012272 | MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL NEWAR (218687) | 2005–06 से 2011–12 |

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/संस्था/गोप्र/डी–II–बी/डीपीसी/2021–22/15-16 दिनांक 29/6/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. संबंधित प्रतिवेदित/प्रतिवेदक/समीक्षक अधिकारी।
3. रक्षित पत्रावली।

29/6/22
सहायक निदेशक

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते